0151-2250006

REGIONAL OFFICE
RAJASTHAN STATE POLLUTION CONTROL BOARD
Plot No. SPL-33, Phase-2nd,Bhicchwal Industrial Area,
Bikaner – 334001
Email:ro-bikaner@gmail.com www.rpcb.rajasthan.gov.in

RPCB/RO BIKANER/BM-727/ 1305 DATE : 31/10/2023

Member Secretary,
State Level Expert Appraisal Committee, Rajasthan
4, Institutional Area, Jhalana Doongri
Jaipur.

Sub: - **Regarding Public Hearing for Environmental Clearance of Mining Project of M/s Nathu Singh (M.L. No 23/2022) having Lease Area – 3.9913 Ha (Cluster Area – 15.7773 Ha.) & Production Capacity – 194050 TPA (ROM) (Ball Clay, Silica Sand and Murrum Mining), Near Village- Khari Charnan, Tehsil- Kolayat, District- Bikaner.**

Ref.: - Public Hearing conducted on dated 29.09.2023

Sir,

Apropos above, it is informed that the public hearing in the matter of Environment Clearance for the Mining Project of **M/s Nathu Singh (M.L. No 23/2022) having Lease Area – 3.9913 Ha (Cluster Area – 15.7773 Ha.) & Production Capacity – 194050 TPA (ROM) (Ball Clay, Silica Sand and Murrum Mining), Near Village- Khari Charnan, Tehsil- Kolayat, District- Bikaner** was conducted on 29.09.2023 at Gram Panchayat Bhawan Khari Charnan, Tehsil- Kolayat, District- Bikaner.

The minutes of the public hearing along with Attendance sheet, Objection letter, CD of videography of Proceedings and photographs are being forwarded in original for examination and further necessary action at the level of State level Environmental Impact Assessment Authority (SEIAA) under EIA notification, 2006.

Enclosed: -

(i) One set of minutes of the Public Hearing
(ii) One set o Attendance Sheet
(iii) Copy of Objection letter
(iv) One set of Videography of the proceedings (1 CD)
(v) One set of Photographs

Yours Sincerely

Sd/-
(Pradeep Kumar Asnani)
Regional Officer
RSPCB, Bikaner

Copy to following for information & necessary action: -

1. Member Secretary/Group Incharge (Mines), Rajasthan State Pollution Control Board, Jaipur.
2. Additional District Magistrate (Adm.), Bikaner
3. Analyst Cum Programmer, Rajasthan State Pollution Control Board, Jaipur with request to upload the proceedings of public hearing on Board's website.
4. Shri Nathu Singh S/o Sh. Ummed Singh, Jaitsar, Srivijanagar, Dist-Anupgarh

Regional Officer

# जन–सुनवाई कार्यवृत्त

भारत सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 व इसकी संशोधित अधिसूचनाओं में वर्णिते प्रावधानों के अंतर्गत **मैसर्स श्री नत्थु सिंह, (खसरा नम्बर 536/138), एम.एल. नम्बर 23/2022, रेफरेन्स नम्बर–20221000058299, क्षेत्रफल 3.9913 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता 194050 टी.पी.ए. (रोम) (सिलेबल बॉल क्ले–90000 एम.टी.पी.ए., सिलिका सेंड–61875 एम.टी.पी.ए., मुर्रम–31500 एम.टी. पी.ए.)** निकट ग्राम–खारी चारनान, तहसील–कोलायत, जिला–बीकानेर जो कि **क्लस्टर परियोजना { मैसर्स श्री नत्थु सिंह, (खसरा नम्बर 536/138), एम.एल. नम्बर 23/2022, रेफरेन्स नम्बर–20221000058299, क्षेत्रफल 3.9913 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता 194050 टी.पी.ए; मैसर्स मुकेश ढोलिया, एम.एल. नम्बर 26/2018, रेफरेन्स नम्बर–201810000587, क्षेत्रफल 3.9960 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता 193115 टी.पी.ए; मैसर्स हीराराम, एम.एल. नम्बर 94/2018, रेफरेन्स नम्बर–2018100002111, क्षेत्रफल 3.9710 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता 318696 टी.पी.ए; मैसर्स सीरे कंवर, एम.एल. नम्बर 66/2018, रेफरेन्स नम्बर–2018100001314, क्षेत्रफल 3.8190 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता 277221 टी.पी.ए} कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 15.7773 हैक्टेयर, कुल क्लस्टर उत्पादन क्षमता–983082 टी.पी.ए.**, में स्थित है, उक्त प्रस्तावित खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जनसुनवाई दिनांक 29.09.2023 को **ग्राम पंचायत भवन–खारी चारनान, तहसील–कोलायत जिला–बीकानेर (राजस्थान)** में दोपहर 3.00 बजे से जिला कलेक्टर बीकानेर के प्रतिनिधि श्री प्रतिभा देवठिया, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन), बीकानेर की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

जनसुनवाई में उपस्थित व्यक्तियों का विवरण मय हस्ताक्षर **परिशिष्ठ "अ"** पर सलंग्न है। जनसुनवाई बाबत विज्ञप्ति दिनांक 27.08.2023 को समाचार पत्र दैनिक युगपक्ष एवं दैनिक भास्कर में प्रकाशित करवाई गई थी जिसकी प्रतियाँ **परिशिष्ठ "ब"** पर संलग्न है।

बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए श्री प्रदीप कुमार आसनानी, क्षेत्रीय अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, बीकानेर ने सभी आगुन्तको का स्वागत करते हुए वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 के अंतर्गत सुनवाई की आवश्यकता /प्रक्रिया के बारे में अवगत करवाया एवं एवं बताया कि उक्त खनन परियोजना से सम्बन्धित सम्पूर्ण जानकारी खनन परियोजना के पर्यावरणीय तकनीकी सलाहकार द्वारा दी जायेगी । क्षेत्रीय अधिकारी महोदय द्वारा सभी आमजन से खनन परियोजना से जुड़ी जानकारी को ध्यान से सुनने एवं समझने हेतु निवेदन किया गया तथा पर्यावरणीय सलाहकार द्वारा सम्पूर्ण जानकारी प्रस्तुत करने के बाद आपत्ति या सुझाव दर्ज करवाने हेतु भी निवेदन किया गया। इसके पश्चात अतिरिक्त जिला कलेक्टर की अनुमति से प्रस्तावित परियोजना के सम्बन्ध में विस्तृत प्रस्तुतिकरण हेतु **मैसर्स श्री नत्थु सिंह**, माइन्स के पर्यावरणीय तकनीकी सलाहकार **"मैसर्स मंत्राज ग्रीन रिर्सोसेज लिमिटेड"** को आमंत्रित किया गया।

परियोजना के पर्यावरणीय तकनीकी सलाहकार के प्रतिनिधि द्वारा खनन परियोजना का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया, जिसके अन्तर्गत बताया गया कि कि खनन ईकाई का **एम.एल. नम्बर 23/2022, रेफरेन्स नम्बर–20221000058299**, कुल खनन क्षेत्र **3.9913** हेक्टेयर, खनिज– **बॉल**

**क्ले, सिलिका सेंड एवं मुर्रम माईन्स** तथा उत्पादन क्षमता **194050** टन प्रतिवर्ष है। तत्पश्चात पर्यावरणीय सलाहकार ने खान की अवधि, खान का परिचय, खनन योजना, क्लस्टर परियोजना का क्षेत्रफल मय नक्शा, खनिज भण्डार, खनन प्रक्रिया, जलवायु, जल बहाव, ढांचा और खनन गतिविधियों के द्वारा जैव विविधता, मिट्टी, पर्यावरणीय, वायु और ध्वनि पर्यावरण पर प्रभाव एवं उनके शमीकरण/रोकथाम के उपायों के बारे में बताया तथा साथ ही पर्यावरणीय मापदंडों की निगरानी कार्यक्रम एवं प्रस्तावित सामाजिक दायित्व (सी.एस.आर) के बारे में बताया।

पर्यावरणीय सलाहकार द्वारा खनन परियोजना कि विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाने के पश्चात राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, बीकानेर के क्षेत्रीय अधिकारी महोदय श्री प्रदीप कुमार आसनानी ने जनसुनवाई में उपस्थित समस्त जनसमूह को इस खनन परियोजना के सम्बन्ध में अपना आक्षेप एवं सुझाव प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया।

श्री बिशनलाल निवासी खारी चारनान ने खनन पट्टा धारक से निवेदन किया कि खनन ईकाई द्वारा गाँव की गौशाला के विकास हेतु आवश्यक मदद यथा चारदीवारी निर्माण, शेड निर्माण आदि में यथा सम्भव सहयोग किया जाना चाहिये। अतिरिक्त जिला कलक्टर महोदया द्वारा खनन पट्टा धारक को इस सम्बन्ध में जवाब देने हेतु कहा गया। खनन ईकाई के प्रतिनिधि द्वारा गॉव की गौशाला हेतु यथा सम्भव सहयोग जैसे चारदीवारी, शेड का निर्माण करवाने हेतु सहमति प्रदान की गई।

श्री बिशनलाल निवासी खारी चारनान द्वारा खनन कार्यो में गाँव के स्थानीय लोगों को रोजगार देने हेतु एवं माल परिवहन हेतु परिवहन के साधन भी स्थानीय गाँववासियों के ही उपयोग में लिये जाने हेतु निवेदन किया गया। साथ ही खनन कार्य के दौरान उड़ने वाली धूल के दमन हेतु रास्तों पर एवं खनन ईकाई में निरन्तर पानी का छिड़काव करने तथा वाहनों को तिरपाल से ढक कर रखने का आग्रह किया गया। जिसे प्रत्युत्तर में खनन ईकाई के प्रतिनिधि द्वारा रोजगार में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया गया तथा धूल दमन हेतु आवश्यक उपाय यथा पानी का छिड़काव, वाहनों को ढक कर रखना, वाहनों का उचित रखरखाव तथा पौधारोपण करने का आश्वासन दिया गया।

श्री गजानन्द कांटिया निवासी खारी चारनान द्वारा खनन के गड्ढे के चारों तरफ तारबन्दी करने हेतु निवेदन किया गया जिससे कि गाँव के पशु खनन गड्ढे में न गिरें। इसके साथ ही खनन ईकाई द्वारा अधिक से अधिक पौधारोपण करने हेतु भी आग्रह किया गया जिसके प्रत्युत्तर में खनन ईकाई के प्रतिनिधि द्वारा तारबन्दी करने एवं पौधारोपण करने का आश्वासन दिया गया।

श्री तुलसीराम द्वारा खनन पट्टा धारक से सी.एस.आर. फण्ड के तहत गॉव की बालिका स्कूल में पीने के पानी की व्यवस्था हेतु वाटर कूलर लगवाने का आग्रह किया गया जिसकी खनन ईकाई के प्रतिनिधि द्वारा सहमति प्रदान की गई।

जनसुनवाई के दौरान स्थानीय लोगो द्वारा एक आक्षेप क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल को लिखित में प्राप्त हुआ जो कि **परिशिष्ठ–'स'** पर संलग्न है।

अन्त में श्री प्रदीप कुमार आसनानी, क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, बीकानेर ने श्रीमान अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट महोदय एवं उपस्थित जन समुदाय को जन सुनवाई में आने के लिए आभार प्रकट किया एवं जनसुनवाई के समापन की घोषणा की।

(प्रदीप कुमार आसनानी)
क्षेत्रीय अधिकारी,
रा.रा.प्र.नि.म., बीकानेर

(प्रतिभा देवठिया)
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन)
कार्यालय, जिला कलक्टर, बीकानेर